अमर उजाला 13/08/2024

जीएमएन कॉलेज में कराया ओरिएंटेशन कार्यक्रम

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम कराया। इसका आयोजन यूजीसी के दिशानिर्देशानुसार एंटी रैगिंग सैल की ओर से अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि कॉलेज में एंटी रैगिंग सैल का गठन रैगिंग जैसी अमानवीय गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से किया गया है। कॉलेज में जब भी कोई नया छात्र दाखिला लेता है तो हर छात्र और स्टाफ के हर सदस्य का कर्तव्य है कि उसे सही रह दिखाएं एवं कॉलेज के नियमों से अवगत करवाएं न कि उन्हें तंग और परेशान करें। इस अवसर पर एंटी रैगिंग सैल के सभी सदस्य डॉ. अमिता, डॉ. मीनू राठी, डॉ. बृजेश सहित कॉलेज के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक विभाग के सदस्य भी विशेष रूप से मौजूद रहे। संवाद